Think IAS...

दृष्टि The Vision

Think Drishti

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPSC)

# सामान्य अध्ययन (प्रारंभिक परीक्षा) प्रैक्टिस पेपर्स



दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम *(Distance Learning Programme)*

Code: UPP07

# उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPSC)

# सामान्य अध्ययन
## (प्रारंभिक परीक्षा)
# प्रैक्टिस पेपर्स

दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501
टोल फ्री : 1800-121-6260
**Web :** www.drishtiIAS.com
**E-mail :** online@groupdrishti.com

पाठ्यक्रम, नोट्स तथा बैच संबंधी updates निरंतर पाने के लिये निम्नलिखित पेज को "like" करें
www.facebook.com/drishtithevisionfoundation
www.twitter.com/drishtiias

UPPCS DLP

# विषय सूची (Contents)


| | |
|---|---|
| प्रैक्टिस पेपर-1 | 5–23 |
| प्रैक्टिस पेपर-2 | 24–44 |
| प्रैक्टिस पेपर-3 | 45–64 |
| प्रैक्टिस पेपर-4 | 65–84 |
| प्रैक्टिस पेपर-5 | 85–105 |
| प्रैक्टिस पेपर-6 | 106–130 |
| प्रैक्टिस पेपर-7 | 131–148 |

प्रैक्टिस पेपर 1

# यू.पी.पी.सी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा) सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्नपत्र)

1. निम्नलिखित गवर्नर जनरलों में से किसको 'दयालु' (क्लीमेंसी) विशेषण से संबोधित किया गया?
   (a) लॉर्ड केनिंग (b) लॉर्ड मेयो
   (c) लॉर्ड रिपन (d) लॉर्ड लैंसडाउन
2. अपने विचारों को संचारित करने के लिये महात्मा गांधी निम्नलिखित में से किस समाचार-पत्र से संबद्ध नहीं थे?
   (a) हरिजन (b) इंडियन ओपीनियन
   (c) यंग इंडिया (d) द लीडर
3. वैदिक युग में राजा के पश्चात् महत्त्वपूर्ण अधिकारी था:
   (a) गोविकर्तन (b) पुरोहित
   (c) रानी (d) सेनानी
4. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?

| उपनिषदकालीन राजा | | राज्य |
|---|---|---|
| (a) अजातशत्रु | - | मगध |
| (b) अश्वपति | - | केकय |
| (c) जनक | - | कोसल |
| (d) प्रवाहण जाबालि | - | पांचाल |

5. निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक अमीर खुसरो की रचना नहीं है?
   (a) इज़ाज-ए-खुसरवी (b) फ़ुतुहात-ए-फिरोज़शाही
   (c) नूह-सिपहर (d) किरान-उस-सादेन
6. राष्ट्रवादी गायक पंडित विष्णु दिगंबर पलुस्कर ने 1901 में अपना पहला गंधर्व महाविद्यालय कहाँ स्थापित किया?
   (a) कराची (b) मुंबई
   (c) बड़ौदा (d) लाहौर
7. निम्नलिखित में से किसने पहली बार व्याख्या की थी कि पृथ्वी के अपनी धुरी पर घूमने के कारण प्रतिदिन सूर्योदय एवं सूर्यास्त होते हैं?
   (a) आर्यभट्ट (b) भास्कर
   (c) ब्रह्मगुप्त (d) वराहमिहिर
8. ऋग्वेद में निम्नलिखित में से किन जनों का उल्लेख मिलता है?
   1. यदु 2. पुरु
   3. चेदि 4. मत्स्य

   नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये:
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 3 और 4 (d) उपर्युक्त सभी
9. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सुमेलित नहीं है?

| अशोक के स्तंभ | | शीर्ष पर पशु |
|---|---|---|
| (a) लौरिया नंदनगढ़ | - | सिंह |
| (b) रामपुरवा | - | गज |
| (c) साँची | - | सिंह |
| (d) संकीसा | - | गज |

10. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

| यात्री | | मूल देश |
|---|---|---|
| (a) निकोली डी कोंटी | - | इटली |
| (b) अथानासियस निकितिन | - | रूस |
| (c) इब्नबतूता | - | मोरक्को |
| (d) अब्दुर्रज़्ज़ाक | - | सीरिया |

11. गोविंदचंद्र गहड़वाल की एक रानी कुमारदेवी ने धर्मचक्र-जिन विहार कहाँ बनवाया था?
    (a) सारनाथ (b) राजगृह
    (c) बोधगया (d) कुशीनगर
12. कृष्णदेव राय ने किस नगर की स्थापना की थी?
    (a) वारंगल (b) नागलापुरम
    (c) उदयगिरि (d) चंद्रगिरि
13. निम्नलिखित में से किस एक ने खिलाफत आंदोलन के दौरान हाजिक-उल-मुल्क की पदवी त्याग दी थी?
    (a) मौलाना अबुल कलाम आज़ाद
    (b) मोहम्मद अली
    (c) शौकत अली
    (d) हकीम अजमल खाँ
14. वह चोल शासक कौन था जिसने श्रीलंका के उत्तरी भाग पर विजय प्राप्त की?
    (a) राजराज प्रथम (b) राजेंद्र प्रथम
    (c) परांतक प्रथम (d) आदित्य प्रथम
15. किस समाज सुधारक ने 'राजमुंदरी सोशल रिफॉर्म एसोसिएशन' की स्थापना की थी?
    (a) वीरेशलिंगम पंतुलू (b) महर्षि डी.के. कर्वे
    (c) पंडिता रमाबाई (d) ईश्वरचंद्र विद्यासागर

147. गन्ने की उचित एवं लाभप्रद कीमत (FRP) को निम्नलिखित में से कौन अनुमोदित करता/करती है?
(a) आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति
(b) कृषि लागत एवं कीमत आयोग
(c) कृषि लागत का विपणन और निरीक्षण निदेशालय
(d) कृषि उत्पाद विपणन समिति

148. नेपानगर जिस उद्योग के लिये जाना जाता है, वह है:
(a) सीमेंट (b) उर्वरक
(c) हथकरघा (d) अखबारी कागज़

149. आठ मूल उद्योगों के सूचकांक में निम्नलिखित में से किसको सर्वाधिक महत्त्व दिया गया है?
(a) कोयला उत्पादन (b) विद्युत उत्पादन
(c) उर्वरक उत्पादन (d) इस्पात उत्पादन

150. चालू खाते में रुपए की पूर्ण परिवर्तनीयता को किस वर्ष से घोषित किया गया?
(a) 1994 से (b) 1996 से
(c) 1998 से (d) 2001 से

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (a) | 2. (d) | 3. (b) | 4. (c) | 5. (b) | 6. (d) | 7. (a) | 8. (a) | 9. (b) | 10. (d) |
| 11. (a) | 12. (b) | 13. (d) | 14. (a) | 15. (a) | 16. (b) | 17. (a) | 18. (b) | 19. (a) | 20. (a) |
| 21. (d) | 22. (c) | 23. (b) | 24. (a) | 25. (b) | 26. (c) | 27. (b) | 28. (a) | 29. (b) | 30. (a) |
| 31. (b) | 32. (a) | 33. (d) | 34. (c) | 35. (b) | 36. (a) | 37. (a) | 38. (c) | 39. (d) | 40. (a) |
| 41. (b) | 42. (c) | 43. (d) | 44. (b) | 45. (c) | 46. (a) | 47. (b) | 48. (a) | 49. (c) | 50. (b) |
| 51. (d) | 52. (c) | 53. (a) | 54. (b) | 55. (a) | 56. (c) | 57. (d) | 58. (c) | 59. (b) | 60. (a) |
| 61. (d) | 62. (a) | 63. (b) | 64. (a) | 65. (b) | 66. (c) | 67. (c) | 68. (c) | 69. (d) | 70. (b) |
| 71. (b) | 72. (d) | 73. (a) | 74. (c) | 75. (d) | 76. (c) | 77. (d) | 78. (c) | 79. (d) | 80. (c) |
| 81. (d) | 82. (a) | 83. (c) | 84. (a) | 85. (a) | 86. (b) | 87. (a) | 88. (a) | 89. (c) | 90. (d) |
| 91. (c) | 92. (d) | 93. (a) | 94. (c) | 95. (a) | 96. (c) | 97. (c) | 98. (b) | 99. (d) | 100. (d) |
| 101. (b) | 102. (d) | 103. (d) | 104. (b) | 105. (d) | 106. (a) | 107. (a) | 108. (d) | 109. (c) | 110. (d) |
| 111. (b) | 112. (c) | 113. (b) | 114. (c) | 115. (a) | 116. (a) | 117. (b) | 118. (b) | 119. (c) | 120. (c) |
| 121. (c) | 122. (a) | 123. (c) | 124. (c) | 125. (b) | 126. (a) | 127. (a) | 128. (a) | 129. (c) | 130. (b) |
| 131. (d) | 132. (b) | 133. (a) | 134. (d) | 135. (c) | 136. (c) | 137. (d) | 138. (b) | 139. (d) | 140. (b) |
| 141. (c) | 142. (a) | 143. (b) | 144. (a) | 145. (a) | 146. (a) | 147. (a) | 148. (d) | 149. (b) | 150. (a) |

# उत्तर ( व्याख्या सहित )

**1. (a)** ब्रिटिश गवर्नर जनरलों में से **लॉर्ड केनिंग** को 'दयालु' (क्लीमेंसी) विशेषण से संबोधित किया गया।

**2. (d)** अपने विचारों को संचारित करने के लिये महात्मा गांधी **हरिजन, इंडियन ओपीनियन** तथा **यंग इंडिया** आदि समाचार-पत्रों से संबद्ध थे परंतु **द लीडर** नामक समाचार-पत्र से मदन मोहन मालवीय संबद्ध थे।

**3. (b)** वैदिक युग में राजा के **पश्चात्** महत्त्वपूर्ण अधिकारी **पुरोहित** होता था जो राजा का प्रमुख परामर्शदाता एवं प्रशासनिक सहयोग प्रदान करने वाला था।

**4. (c)** उपनिषदकालीन राजाओं में राजा जनक का संबंध **कोसल राज्य से न होकर विदेह राज्य** से था। अजातशत्रु मगध राज्य से, अश्वपति केकय राज्य से तथा प्रवाहण जाबालि पांचाल राज्य से संबंधित था।

**5. (b)** **फुतुहात-ए-फिरोज़शाही** अमीर खुसरो की रचना नहीं है। यह पुस्तक फिरोज़शाह तुगलक द्वारा लिखित उनकी आत्मकथा है जिससे उनके प्रशासन संबंधी जानकारी प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त अमीर खुसरो की रचनाओं में इज़ाज-ए-खुसरवी, नूर-सिपहर तथा किरान-उस-सादेन आदि हैं।

प्रैक्टिस पेपर **2**

# यू.पी.पी.सी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा) सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्नपत्र)

1. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?
   (a) अमरोहा – संगीत वाद्ययंत्र
   (b) बरेली – जरी कार्य
   (c) बलिया – बिंदी
   (d) गोरखपुर – जूते

2. शहीद असफाक उल्ला प्राणि उद्यान की स्थापना किस ज़िले में की जा रही है?
   (a) सीतापुर (b) औरैया
   (c) गोरखपुर (d) बलिया

3. उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की स्थापना कब हुई थी?
   (a) 1950 में (b) 1965 में
   (c) 1970 में (d) 1960 में

4. बौद्धकाल में उत्तर प्रदेश में कितने गणराज्य थे?
   (a) 6 (b) 7
   (c) 9 (d) 5

5. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I (क्षेत्र)** | **सूची-II (खनिज)** |
|---|---|
| A. सोनभद्र | 1. तांबा |
| B. इलाहाबाद | 2. सीसा बालू |
| C. ललितपुर | 3. नॉन-प्लास्टिक फायर क्ले |
| D. मिर्ज़ापुर | 4. चूना पत्थर |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

6. 17वें विश्व संस्कृत सम्मेलन का आयोजन कहाँ किया गया?
   (a) मालदीव (b) कनाडा
   (c) सेशेल्स (d) जर्मनी

7. किस राज्य में विद्यालयी छात्रों के लिये 'प्रसन्नता पाठ्यक्रम' को शामिल किया गया है?
   (a) मध्य प्रदेश (b) राजस्थान
   (c) केरल (d) दिल्ली

8. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के द्वारा किस एयरपोर्ट को विश्व का पहला पूरी तरह से सौर ऊर्जा से संचालित एयरपोर्ट का दर्जा प्रदान किया गया है?
   (a) हैदराबाद एयरपोर्ट (b) गांधीनगर एयरपोर्ट
   (c) कोचीन एयरपोर्ट (d) चेन्नई एयरपोर्ट

9. भारत में पहले खेल विश्वविद्यालय की स्थापना कहाँ की जा रही है?
   (a) मणिपुर (b) मिज़ोरम
   (c) नागालैंड (d) त्रिपुरा

10. भारतीय प्रेस परिषद का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है?
    (a) सी.के. प्रसाद (b) अमिताव रॉय
    (c) प्रफुल्ल चंद्र पंत (d) मार्कंडेय काटजू

11. अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस कब मनाया जाता है?
    (a) 3 मई (b) 22 मई
    (c) 21 मार्च (d) 22 जून

12. अन्य पिछड़ा वर्ग के उपश्रेणीकरण से संबंधित समिति की अध्यक्षता किसके द्वारा की जा रही है?
    (a) मीना कुमारी (b) अशोक दलवई
    (c) माधव चितले (d) जी. रोहिणी

13. विश्व का पहला तैरता हुआ नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र किस देश ने स्थापित किया है?
    (a) फ्राँस (b) जापान
    (c) रूस (d) संयुक्त राज्य अमेरिका

14. गणित के क्षेत्र में योगदान हेतु 2018 का एबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले रॉबर्ट पी. लैंगलैंड किस देश से संबंधित हैं?
    (a) कनाडा (b) जापान
    (c) नॉर्वे (d) स्वीडन

प्रैक्टिस पेपर 3

# यू.पी.पी.सी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा)
## सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्नपत्र)

1. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?
   (a) सुरहाताल पक्षी विहार - सीतापुर
   (b) सूर सरोवर पक्षी विहार - आगरा
   (c) समान पक्षी विहार - मैनपुरी
   (d) समसपुर पक्षी विहार - रायबरेली
2. उत्तर प्रदेश में किस स्थान पर हर्षवर्द्धन ने बौद्ध सम्मेलन का आयोजन किया था?
   (a) काशी (b) सारनाथ
   (c) प्रयाग (d) अयोध्या
3. वी.वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान कहाँ स्थित है?
   (a) गाज़ियाबाद (b) नोएडा
   (c) नई दिल्ली (d) गुरुग्राम
4. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I (बांध)** | **सूची-II (नदी)** |
|---|---|
| A. ललितपुर | 1. कर्मनाशा |
| B. मूसाखंड | 2. सोन |
| C. राजघाट | 3. बेतवा |
| D. बाणसागर | 4. शहज़ाद |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

5. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?
   (a) बमरौली हवाई अड्डा - लखनऊ
   (b) चकेरी हवाई अड्डा - कानपुर
   (c) खेरिया हवाई अड्डा - आगरा
   (d) फुरसतगंज हवाई अड्डा - रायबरेली
6. निम्नलिखित उच्च स्तरीय समझौता-वार्ताओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिये:
   1. भूलाभाई देसाई-लियाकत अली समझौता
   2. शिमला कॉन्फ्रेंस
   3. गांधी-जिन्ना वार्ता
   4. राजाजी फॉर्मूला

   नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये:
   (a) 3, 1, 4, 2 (b) 2, 4, 3, 1
   (c) 1, 3, 2, 4 (d) 4, 3, 1, 2
7. जवाहरलाल नेहरू को याद दिलाते हुए कि 'स्वतंत्रता भारत को मिली है, न कि कॉन्ग्रेस को', यह आग्रह किसने किया कि कैबिनेट निर्माण में दलीय संबंध को ध्यान में रखे बिना योग्यतम व्यक्तियों को सम्मिलित किया जाना चाहिये?
   (a) सी. राजगोपालाचारी (b) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
   (c) महात्मा गांधी (d) वल्लभभाई पटेल
8. निम्नलिखित युग्म में कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?

| **रचना** | **विषय** |
|---|---|
| (a) अपराजितपृच्छा | - स्थापत्य |
| (b) अष्टांग हृदय | - चिकित्सा |
| (c) लीलावती | - नाटक |
| (d) कृषि पराशर | - कृषि |

9. प्राचीन स्मारक परिरक्षण अधिनियम किस वायसराय के काल में पारित हुआ था?
   (a) लॉर्ड हार्डिंग्स (b) लॉर्ड नार्थ्रबुक
   (c) लॉर्ड लिटन (d) लॉर्ड कर्जन
10. निम्नलिखित में से कौन भारत का एकमात्र यहूदी वायसराय था?
    (a) लॉर्ड कर्जन (b) लॉर्ड कैनिंग
    (c) लॉर्ड इरविन (d) लॉर्ड रीडिंग
11. 1935 के अधिनियम के उपरांत 1937 में हुए चुनावों में गठित कॉन्ग्रेस मंत्रिमंडलों का कार्यकाल था:
    (a) 20 माह (b) 22 माह
    (c) 24 माह (d) 28 माह
12. किसके शासनकाल में चित्तौड़ का 'कीर्ति स्तंभ' निर्मित हुआ था?
    (a) राणा कुंभा (b) राणा हम्मीर
    (c) राणा रतनसिंह (d) राणा संग्राम सिंह

प्रैक्टिस पेपर 4

# यू.पी.पी.सी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा)
## सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्नपत्र)

1. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये:

| सूची-I (राजवंश) | | सूची-II (शासक) |
|---|---|---|
| A. उत्तर गुप्त | 1. | कृष्णगुप्त |
| B. हर्यक | 2. | अजातशत्रु |
| C. पुष्यभूति | 3. | हर्षवर्द्धन |
| D. वर्मन | 4. | पुष्यवर्मन |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

2. निम्नलिखित में से किस मंदिर का शिखर द्रविड़ शैली का है?
(a) भुवनेश्वर का अनंत वासुदेव मंदिर
(b) खजुराहो का कंदरिया महादेव मंदिर
(c) सिरपुर का लक्ष्मण मंदिर
(d) ग्वालियर का तेली का मंदिर

3. 'सोसायटी फॉर ट्रांसलेटिंग यूरोपियन साइंस' की स्थापना कहाँ हुई?
(a) बॉम्बे में (b) पुणे में
(c) कलकत्ता में (d) लाहौर में

4. 'जापानी वस्तुओं का इस्तेमाल छोड़ने' का प्रस्ताव राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस ने किस वर्ष पारित किया था, जिसमें इसके लिये भारतीयों से अपील की गई थी?
(a) 1936 (b) 1937
(c) 1938 (d) 1939

5. किस क्षेत्र के साम्यवादियों ने इस नारे के साथ अपना अभियान शुरू किया था कि अमेरिकी मॉडल को अरब सागर में फेंको?
(a) नागपुर
(b) निज़ाम स्टेट के क्षेत्र
(c) त्रावणकोर स्टेट
(d) भागलपुर

6. निम्न में से किसने कहा था, "अच्छा शासन स्वशासन का स्थानापन्न नहीं है?"
(a) लोकमान्य तिलक (b) स्वामी विवेकानंद
(c) स्वामी दयानंद (d) रबींद्रनाथ टैगोर

7. किस मुगल बादशाह ने बलबन द्वारा प्रारंभ किया गया दरबारी रिवाज़ 'सिजदा' समाप्त कर दिया था?
(a) अकबर (b) जहाँगीर
(c) शाहजहाँ (d) औरंगज़ेब

8. निम्नलिखित में से किस पर ब्रिटिश संसद में महाभियोग का मुकदमा चलाया गया था?
(a) सर जॉन शोर (b) लॉर्ड क्लाइव
(c) वारेन हेस्टिंग्स (d) जनरल डायर

9. प्रथम महायुद्ध के दौरान कहाँ पर भारत की एक अनंतिम सरकार बनी थी, जिसके प्रेसीडेंट राजा महेंद्र प्रताप थे?
(a) अफगानिस्तान (b) जर्मनी
(c) सिंगापुर (d) तुर्की

10. "यह स्थल मनहार व मंदसार नदियों के संगम पर बसा हुआ था तथा यहाँ से उत्कृष्ट स्तर के जल प्रबंधन का साक्ष्य प्राप्त होता है।"
उपर्युक्त विवरण सिंधु सभ्यता के किस स्थल से संबंधित है?
(a) आलमगीरपुर (b) धौलावीरा
(c) लोथल (d) कालीबंगा

11. शिक्षा के प्रसिद्ध केंद्र सोमपुर महाविहार की स्थापना किसने की थी?
(a) देवपाल (b) धर्मपाल
(c) हर्ष (d) विजयसेन

12. निम्नलिखित कथन किसका है?
"हमने अपने शत्रु को पूर्णतः पंगु बना दिया है और अपने मित्रों की शक्ति को भी दुर्जेय नहीं बनने दिया।"
(a) चार्ल्स मेटकॉफ
(b) लॉर्ड कॉर्नवालिस
(c) लॉर्ड वेलेजली
(d) जॉन लॉरेंस

प्रैक्टिस पेपर **5**

# यू.पी.पी.सी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा)
## सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्नपत्र)

1. 2017 का दादा साहेब फाल्के पुरस्कार किसे प्रदान किया गया है?
   (a) विनोद खन्ना (b) गुलज़ार
   (c) ऋषि कपूर (d) रेखा
2. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस कब मनाया जाता है?
   (a) 11 मार्च (b) 11 जून
   (c) 11 मई (d) 11 फरवरी
3. आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक, 2018 में भारत 186 अर्थव्यवस्थाओं में से किस स्थान पर है?
   (a) 125वें (b) 130वें
   (c) 118वें (d) 150वें
4. कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी प्रावधानों के प्रवर्तन की समीक्षा के लिये सरकार ने किसकी अध्यक्षता में समिति का गठन किया है?
   (a) मनमोहन जुनेजा (b) एन. चंद्रशेखर
   (c) ई. श्रीधरन (d) एन.आर. नारायणमूर्ति
5. भारत स्थित किस 'बीच' को एशिया में पहला ब्लू फ्लैग प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है?
   (a) गौराई बीच (b) चंद्रभागा बीच
   (c) मरीना बीच (d) बागा बीच
6. हवाई द्वीप पर आयोजित रिमपैक नौसेना अभ्यास, 2018 में निम्नलिखित में से किस देश ने भाग नहीं लिया?
   (a) चीन (b) भारत
   (c) चिली (d) ब्राज़ील
7. फ्रेंच ओपन, 2018 का पुरुष एकल खिताब किसने जीता?
   (a) रोजर फेडरर (b) एंडी मरे
   (c) नोवाक जोकोविच (d) राफेल नडाल
8. 'रूल ऑफ लॉ इंडेक्स' किसके द्वारा जारी किया जाता है?
   (a) एमनेस्टी इंटरनेशनल (b) अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय
   (c) विश्व बैंक (d) वर्ल्ड जस्टिस प्रोजेक्ट
9. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?
   (a) मिंडानाओ – फिलीपींस
   (b) केटालोनिया – स्पेन
   (c) अरोमिया – नाइजीरिया
   (d) अलेप्पो – सीरिया
10. प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के अंतर्गत निवेश सीमा को ₹ 7.5 लाख से बढ़ाकर कितना कर दिया गया है?
    (a) ₹ 10 लाख (b) ₹ 15 लाख
    (c) ₹ 50 लाख (d) ₹ 20 लाख
11. एम.एस.एम.ई. निर्यातकों के लिये डिजिटल प्लेटफॉर्म 'फियो ग्लोबलिंकर' किस मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया है?
    (a) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
    (b) विदेश मंत्रालय
    (c) वित्त मंत्रालय
    (d) एम.एस.एम.ई. मंत्रालय
12. हरित क्रांति कृषोन्नति योजना के अंतर्गत कितनी योजनाएँ शामिल की गई हैं?
    (a) 17 (b) 15
    (c) 19 (d) 11
13. 'वान्नाक्राई, पेट्या और इटर्नलब्लू' शब्द किससे संबंधित हैं?
    (a) एक्सोप्लैनेट्स (b) क्रिप्टोकरेंसी
    (c) साइबर आक्रमण (d) लघु उपग्रह
14. गुजरात में आयोजित माधवपुर मेले में अरुणाचल प्रदेश के किस जनजातीय समुदाय ने हिस्सा लिया?
    (a) मिश्मी (b) आपातानी
    (c) सिंग्पो (d) मोंपा
15. निपाह वायरस से केरल का कौन-सा ज़िला सर्वाधिक प्रभावित हुआ?
    (a) इडुक्की (b) कोझिकोड
    (c) तिरुवनंतपुरम (d) कोच्चि
16. पृथ्वी अवलोकन संबंधी सेंटीनल उपग्रह किसने लॉन्च किया?
    (a) नासा
    (b) इसरो
    (c) रॉसकॉसमास
    (d) यूरोपियन स्पेस एजेंसी

प्रैक्टिस पेपर 6

# यू.पी.पी.सी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा) सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्नपत्र)

1. शीत ऋतु में उत्तरी भारत में अधिक ठंड पड़ने के प्रमुख कारण हैं:
   1. समुद्र के समकारी प्रभाव से दूर स्थित
   2. उत्तरी-पूर्वी मानसूनी पवनें
   3. निकटवर्ती हिमालय की श्रेणियों में हिमपात
   4. पश्चिमी विक्षोभ

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 2 और 3
   (c) केवल 1, 2 और 4 (d) केवल 1, 3 और 4
2. विषुवत् वृत्त के निकट उष्णकटिबंधीय चक्रवात नहीं बनते हैं। निम्नलिखित में से इसका प्रमुख कारण है/हैं:
   1. कोरिऑलिस बल शून्य होता है।
   2. गुरुत्वाकर्षण का मान सबसे कम होता है।
   3. पवनें समदाब रेखाओं के समकोण पर बहती हैं।

   कूट:
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) केवल 3 (d) केवल 1 और 3
3. निम्नलिखित में से सिंधु की कौन-कौन सी सहायक नदियाँ सुलेमान श्रेणियों से निकलती हैं?
   1. गोमल 2. तोची
   3. श्योक 4. नुब्रा
   5. विबोआ

   कूट:
   (a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 1, 3, 4 और 5
   (c) केवल 1, 2 और 5 (d) केवल 2 और 5
4. निम्नलिखित में कौन-सा एक उद्योग अन्य उद्योगों के लिये कच्चे माल का उत्पादन करता है?
   (a) कृषि आधारित उद्योग (b) वन आधारित उद्योग
   (c) आधारभूत उद्योग (d) कुटीर उद्योग
5. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   1. सीमा सड़क संगठन का उद्देश्य उत्तरी एवं उत्तर-पूर्वी सीमा से सटी सामरिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण सड़कों के विकास को गति व रक्षा तैयारियों को मज़बूती प्रदान करना है।
   2. राष्ट्रीय महामार्ग NH–1 दिल्ली से कोलकाता के बीच विस्तृत है।
   3. सीमा सड़क संगठन (बी.आर.ओ.) सड़कें बनाने व अनुरक्षण करने के साथ-साथ अति ऊँचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ हटाने की ज़िम्मेदारी भी सँभालता है।

   कूट:
   (a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3
6. नीचे दी गई सूचियों को सुमेलित कीजिये:

| **सूची-I (दर्रा)** | **सूची-II (पर्वत श्रेणी)** |
|---|---|
| A. ज़ोजिला | 1. वृहत् हिमालय |
| B. बनिहाल | 2. जास्कर श्रेणी |
| C. फोटु ला | 3. पीरपंजाल श्रेणी |
| D. खारदुंग ला | 4. लद्दाख श्रेणी |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

7. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा और गुजरात की प्रतिव्यक्ति वार्षिक आय उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा जैसे राज्यों से कम है।
   (b) गरीबी व्यक्ति की सतत् स्वास्थ्य और यथोचित उत्पादक जीवन जीने के लिये आवश्यक ज़रूरतों को संतुष्ट न कर पाने की असमर्थता को प्रतिबिंबित करती है।
   (c) a और b दोनों
   (d) इनमें से कोई नहीं
8. निम्नलिखित नगरों में से कौन-सा एक वाणिज्यिक नगर के रूप में विकसित हुआ है?
   (a) सहारनपुर (b) गांधीनगर
   (c) विशाखापत्तनम (d) जोधपुर

प्रैक्टिस पेपर 7

# यू.पी.पी.सी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा)
## सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्नपत्र)

1. इंडोनेशिया के किस द्वीप की भौगोलिक स्थिति में हाल ही में आए भूंकप से परिवर्तन आ गया है?
   (a) लोंबोक द्वीप (b) उत्तरी सुमात्रा द्वीप
   (c) रियाउ द्वीप (d) कालीमंतन द्वीप
2. निम्नलिखित में से किसने एशियन गेम्स, 2018 में पहला स्वर्ण पदक जीता?
   (a) रवि कुमार (b) अपूर्वी चंदेला
   (c) मनु भाकर (d) बंजरग पूनिया
3. नाबार्ड द्वारा हाल ही में किये गए सर्वेक्षण के अनुसार निम्नलिखित में से किस दक्षिण भारतीय राज्य में कृषक परिवारों की ऋणग्रस्तता का उच्चतम स्तर देखा गया?
   (a) कर्नाटक (b) तेलंगाना
   (c) तमिलनाडु (d) केरल
4. आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी किये गए 'जीवन सुगमता सूचकांक' में शीर्ष स्थान किस शहर को प्राप्त हुआ?
   (a) रायुपर (b) इंदौर
   (c) भोपाल (d) पुणे
5. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन राष्ट्रीय वन्यजीव आनुवंशिक संसाधन बैंक के विषय में सही नहीं है?
   (a) इसका उद्घाटन सेलुलर और मोलिक्यूलर बायोलॉजी (सी.सी.एम.बी.) प्रयोगशाला के केंद्र में हैदराबाद में किया गया।
   (b) यह भारत का पहला आनुवंशिक संसाधन बैंक है।
   (c) इसका मुख्य उद्देश्य लुप्तप्राय और संरक्षित किये जाने योग्य जानवरों को संरक्षण प्रदान करना है।
   (d) यह मात्र संरक्षण हेतु उपयोगी होगा तथा पशु प्रजातियों की विलुप्ति के मामले में उनका पुनरुत्थान नहीं किया जा सकेगा।
6. निम्नलिखित में से किस स्थान पर विश्व स्तरीय जैव विविधता प्रदर्शन केंद्र की स्थापना की जा रही है?
   (a) लोकटक (मणिपुर)
   (b) भितरकणिका (ओडिशा)
   (c) सरिस्का (राजस्थान)
   (d) कोल्लेरू (आंध्र प्रदेश)
7. किस देश द्वारा 'पिच ब्लैक' अभ्यास का आयोजन किया जाता है?
   (a) संयुक्त राज्य अमेरिका
   (b) ऑस्ट्रेलिया
   (c) जर्मनी
   (d) चीन
8. पूर्व संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफी अन्नान मूलत: किस देश से संबंधित थे?
   (a) घाना (b) नाइजीरिया
   (c) नामीबिया (d) गिनी
9. तीसरे स्वच्छता सर्वेक्षण में सबसे साफ स्टेशन का दर्जा निम्न में से किस स्टेशन को प्रदान किया गया?
   (a) जोधपुर (b) जयपुर
   (c) वारंगल (d) तिरुपति
10. निम्नलिखित में से किनके जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है?
    (a) बाबू जगजीवन राम
    (b) लाल बहादुर शास्त्री
    (c) अटल बिहारी वाजपेयी
    (d) वल्लभभाई पटेल
11. निम्नलिखित में से किसे विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?
    (a) रेखा शर्मा (b) मंजुला चेल्लूर
    (c) नीलम कपूर (d) इंदु शर्मा
12. विश्व जैव ईंधन दिवस कब मनाया जाता है?
    (a) 12 अगस्त (b) 10 जुलाई
    (c) 10 अगस्त (d) 12 सितंबर
13. निम्नलिखित में से किसे राज्यसभा के उपसभापति पद हेतु निर्वाचित किया गया है?
    (a) हरिवंश नारायण सिंह (b) संजय राउत
    (c) सुखदेव सिंह ढींढसा (d) पी.जे. कुरियन
14. 2018 के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार महिलाओं की रोज़गार में कितनी हिस्सेदारी है?
    (a) 30% (b) 36%
    (c) 40% (d) 24%

## डी.एल.पी. बुकलेट्स की विशेषताएँ

- आयोग के नवीनतम पैटर्न पर आधारित अध्ययन सामग्री।
- पैराग्राफ, बुलेट फॉर्म, सारणी, फ्लोचार्ट तथा मानचित्र का उपयुक्त समावेश।
- विषयवस्तु की सरलता, प्रामाणिकता तथा परीक्षा की दृष्टि से उपयोगिता पर विशेष ध्यान।
- क्विक रिवीजन हेतु प्रत्येक अध्याय में महत्त्वपूर्ण तथ्यों का संकलन।
- प्रत्येक अध्याय के अंत में विगत वर्षों में पूछे गए एवं संभावित प्रश्नों का समावेश।

**Website : www.drishtiIAS.com**
**E-mail : online@groupdrishti.com**

DrishtiIAS
YouTube Drishti IAS
drishtiias
drishtithevisionfoundation

**641, First Floor, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009**
**Phones : 011-47532596, +91-8130392354, 813039235456**